प्रेषक,

जिला युवा कल्याण एवं
प्रा0वि0द0 अधिकारी,
झासी।

सेवा में,

निदेशक,
बी0आई0ई0टी0,
झांसी

पत्रांकः– 400 /प्रा0वि0द0/युवा उत्सव/2024–25 दिनांकः– 10-10-2024

विषयः– जनपद/मण्डल स्तरीय युवा उत्सव 2024–25 के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय जिलाधिकारी महोदय झांसी के कार्यालय पत्रांक 351/प्रा0वि0द0/युवा उत्सव कार्यक्रम/2024–25 दिनांक 20.09.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा जनपद में राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 हेतु युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों को "Innovation in Science and Technology" की थीम आवंटित की गयी है। जिसमें **निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जनपद स्तर से लेकर राज्य स्तर तक किया जायेगा।**

थीमेटिक अवयव के अन्तर्गत प्रतिभागियों द्वारा "Innovation in Science and Technology" की थीम पर आधारित साइंस मेला प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे प्रतिभागी नवाचार को प्रतिबिम्बित करने वाले अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेंगें। यह प्रोजेक्ट/आविष्कार के प्रयोग मितव्ययी, नवाचार, प्रस्तुतीकरण और उसके प्रभाव पर आधारित होंगें। **इसमें किसी निष्क्रिय मॉडल (यथा–बांध, सौर प्रणाली आदि) को प्रोत्साहित नहीं किया जायेगा। प्रदर्शनी का केन्द्र बिन्दु नवीन प्रयोग होंगें।** प्रतियोगिता एकल एवं समूह दोनों अलग–अलग रूप में आयोजित की जायेगी।

उक्त आयोजन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतियोगिता में तकनीकी सहयोग हेतु प्राचार्य या उनके द्वारा नामित कोई प्रॉफेसर/असिस्टेंट प्रोफेसर के लेवल के अधिकारी को आयोजन समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। अतः आपसे अपेक्षा है कि उक्त साइंस मेला हेतु बी0आई0ई0टी0 से साइंस मॉडल को प्रदर्शित करने हेतु छात्रों की अधिक से अधिक प्रतिभागिता करायें एवं उक्त कार्यकम में साइंस प्रोजेक्ट्स के मूल्यांकन हेतु निर्णायक नामित करने का कष्ट करें।

युवा उत्सव 2025 के आयोजन के सम्बन्ध में भारत सरकार की गाईड लाइन के अनुसार प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की आयु 12 जनवरी, 2025 को 15 वर्ष से 29 वर्ष होनी अनिवार्य है एवं जनपद स्तर पर विजेता प्रतिभागी मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेंगें। जनपद स्तर के युवा उत्सव का आयोजन 22 अक्टूबर 2024 में राजकीय इण्टर कॉलेज सभागार, ग्वालियर रोड, झांसी कराया जाना प्रस्तावित है।

सम्पर्क सूत्र :– प्रशान्त सिंह जादौन, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी,
मो0–97[redacted]

संलग्नकः–यथोपरि।

Dr Shahnaz Ayub Professor is nominated.
14/10/2024

निदेशक
बी०आई०ई०टी०, झाँसी

...TUTE OF ENGINEERING & ...
LETTER No. 15956
DATE 14-10-2024
... ★ JHANSI

जिला युवा कल्याण एवं
प्रा0वि0द0 अधिकारी
झाँसी।